तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025

10 समर कैंप में बच्चों ने सीखी विभिन्न कलाएं




12 संविधान को कमजोर कर रही है भाजपा सरकार : विधायक ध्रुव





## खबर संक्षेप



### मुड़ागांव में नाग-नागिन का जोड़ा दिखा, वर्षा और खुशहाली का है शुभ संकेत

**मुड़ागांव (कोरासी)।** वनांचल क्षेत्र में बारिश शुरू होते ही नाग-नागिन का जोड़ा देखा गया है। रविवार संध्या को ग्राम कोरासी और ओनवा के बीच घुनघुटी नाला के पास नाग-नागिन को आम जनता और संवाददाता ने कैमरे में कैद किया। राहगीरों की भीड़ इस नजारें को देखने उमड़ी। बुजुर्गों के अनुसार नाग-नागिन का मिलन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। इसे वर्षा के आगमन का संकेत भी माना जाता है। कई लोग नाग-नागिन के मिलने पर उन पर कपड़ा स्पर्श कराकर अपने घर में रखना शुभ मानते हैं, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। स्वप्नशास्त्र में भी सपने में नाग-नागिन का जोड़ा देखना शुभ होता है, जिससे जीवन में सफलता और खुशहाली आती है। नाग-नागिन की पूजा से सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है, साथ ही कालसर्प योग से मुक्ति मिलती है। इस शुभ अवसर पर लोगों ने नाग-नागिन की पूजा-अर्चना कर वर्षा और खुशहाली की कामना की है।

### छिन्दालाई दरबार में 6 जून को जात्रा कार्यक्रम

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र का प्रसिध्द धार्मिक स्थल छिन्दालाई माता का जांत्र कार्यक्रम का आयोजन 6 जून दिन शुक्रवार को आयोजित किया गया है। ज्ञात हो कि छिन्दलाई माता के दरबार में बड़ी संख्या में पूरे क्षेत्र भर के लोग पहुंचते है और पूजा अर्चना करते है अच्छी बारीश और अच्छी फसल की कामना को लेकर हर वर्ष छिन्दलई माता के दरबार में जात्र कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उक्त जानकारी प्रेमसाय जगत, हरिशचंद नेगी एवं छबी दीवान ने देते हुए सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### मुड़ागांव में आज 9 से 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी

**मुड़ागांव (कोरासी)।** 3 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक 11 केवी खड़मा फीडर का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान ग्राम खड़मा, कोरासी, करकरा, खैरझिटी और ओनवा में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। लाइन मेन अशोक कुमार ध्रुव ने इस संबंध में जानकारी दी है। जनता से सहयोग की अपील की गई है।

### बुजुर्ग को सांप ने डसा अस्पताल में मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार दोपहर एक बुजुर्ग को सांप ने डस लिया। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पटेवा के ग्राम नयापारा निवासी चरंता उर्फ चाकू यादव (80) गांव में थे। इसी दौरान उन्हें किसी विषैले सांप ने काट लिया। परिजनों ने जानकारी के बाद उन्हें पहले पटेवा उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उन्हें तुमगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिफर किया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में उपचार के बाद बुजुर्ग की रात में मौत हो गई। आज पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

### प्रशिक्षण आज से

**महासमुंद।** राज्य शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से किया जाना आवश्यक है। इसके लिए जेम पोर्टल प्रक्रिया के संबंध में 03 एवं 04 जून 2025 तक दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षित शिविर रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रथम दिवस का प्रशिक्षण राज्य स्तरीय क्रेताओं के लिए तथा द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण राज्य स्तरीय विक्रेता और स्टार्टअप आदि के लिए नियत है।

# लंबित राजस्व प्रकरणों को अभियान चलाकर करें निराकृत : कलेक्टर उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

## अटल परिसर निर्माण में अनियमितता की आशंका, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

■ जांच के लिए एसडीएम कोपरा भेजे जाएंगे

नगर पंचायत कोपरा में निर्माणाधीन अटल परिसर में संभावित अनियमितता का मामला कलेक्टर बी.एस. उइके की समय-सीमा बैठक में जोरशोर से उठा। कलेक्टर ने इस विषय को गंभीर मानते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी शासकीय कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, दोषियों पर कार्यवाही होगी।

बैठक में सामने आया कि अटल परिसर का भूमि पूजन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदों और सीएमओ की उपस्थिति में जिस स्थान पर किया गया था, वहां न कर इसे अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। साथ ही निर्माण कार्य का स्वरूप भी छोटा कर दिया गया है और केवल 8 फीट की संकरी जगह में निर्माण किया जा रहा है। यह स्थान कोपरा निवासी नरेश निषाद की निजी जमीन के सामने बताया जा रहा है। इन गंभीर तथ्यों को देखते हुए कलेक्टर ने एसडीएम राजिम विशाल महाराणा को मौके पर जाकर जांच करने और तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना से जुड़ा यह निर्माण कार्य अगर मानकों के विरुद्ध पाया गया तो संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई तय है। कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 10 पर





विडंबना : जिस जगह हो रहा निर्माण वहां शाम होते ही असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा

कोपरा नगर पंचायत में अटल परिसर विवाद भूमिपूजन एक जगह, निर्माण दूसरी जगह

निर्देशों की उड़ रही धज्जियां

पार्टी के भीतर भी असहमति पर अध्यक्ष अड़े है

## कार्रवाई : हजारों हरे-भरे वृक्षों को काटकर जंगल में बसाई गई थी बस्ती

# उदंती टाइगर रिजर्व की अवैध बस्ती पर चला बुलडोजर, 29 मकान ढहाए गए






हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में हजारों वृक्षों की अवैध रूप से कटाई कर जंगल में बस्ती बसा लिया गया था और तो और जंगल की भूमि को कब्जा कर वह खेती किसानी किया जा रहा था। वन विभाग द्वारा बकायदा नोटिस दिया गया और सोमवार को बेदखल करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान लगभग 29 मकानों को जेसीबी मशीन के माध्यम से ढहाए गए। डेढ़ साल बाद फिर उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के बफर जोन इलाके के अवैध बस्ती पर बुलडोजर चला है। इस बार वन परिक्षेत्र इंदागांव रेंज के घुमरापदर गांव से लगे जंगल में बसे अवैध बस्ती पर कार्रवाई हुई है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के साथ 100 से ज्यादा वन और पुलिस अमला अतिक्रमण हटाने में ▶▶| शेष पेज 10 पर

### वन विभाग के टीम ने की कार्रवाई



### अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी

वन क्षेत्र की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है जंगल को अतिक्रमण मुक्त करना बेहद जरूरी था। उन्होने बताया की लगभग 30 हजार से ज्यादा हरे भरे वृक्षों को पिछले 10-12 वर्षों में काटकर मकान बनाया गया है और खेती किसानी किया जा रहा था उस अतिक्रमण को आज हटाया गया है। और आगे भी अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी रहेगी।

**-वरूण जैन**, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व

### सैकड़ों एकड़ भूमि हो चुका है अतिक्रमण मुक्त

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के बफरजोन एरिया इंदागांव वन परिक्षेत्र में आज लगभग 60 हेक्टेयर अतिक्रमण पर बुलडोजर चला अवैध अतिक्रमण हटाया गया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी मई 2023 में उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व द्वारा टाईगर रिजर्व क्षेत्र में अवैध रूप से बसाए गए बस्ती पर बुलडोजर चल चूका है सैकड़ों एकड़ जंगल की किमती जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया जा चूका है जिसमें पूर्व में गोहरामाल, इचरादि कई गांव में हजारों- लाखों वृक्षों को काटकर अवैध रूप से जंगल में बस्ती बसा लिया गया था जिस पर कार्यवाही की गई और वह जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया जा चूका है।

# राज्यपाल 4-5 जून को करेंगे गोद ग्राम मड़वाडीह का दौरा



### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका 4 और 5 जून को दो दिवसीय दौरे पर गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत गोद लिए गए ग्राम मड़वाडीह पहुंचेंगे। यह ग्राम पंचायत बिजली का आश्रित गांव है, जिसे हाल ही में राज्यपाल द्वारा गोद लिया गया है। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजिम विशाल महाराणा, वन विभाग के एसडीओ विकास चंद्राकर, तहसीलदार अंजलि खलको सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव का निरीक्षण किया।

मड़वाडीह ग्राम माण्डव्य ऋषि आश्रम क्षेत्र में आता है, जिसे राम वन गमन पथ के अंतर्गत चिन्हांकित किया गया है। अधिकारी दल ने स्कूल, आंगनबाड़ी, माण्डव्य ऋषि कुटीधाम, तालाब एवं बांध क्षेत्र का अवलोकन कर तैयारियों की रूपरेखा तैयार की। राज्यपाल श्री डेका 4 जून को दोपहर 3 बजे राजभवन रायपुर से सड़क मार्ग से राजिम के लिए रवाना होंगे। शाम 4 बजे वे राजिम गेस्ट हाउस पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों से बैठक करेंगे। इसके पश्चात वे राजीव लोचन मंदिर, लोमेश ऋषि आश्रम और कुलेश्वर मंदिर दर्शन करेंगे तथा गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। 5 जून को प्रातः 9 बजे वे मड़वाडीह के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 9:30 बजे ग्राम पहुंचकर विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करेंगे और नागरिकों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद वे नवा रायपुर स्थित नवीन राजभवन परिसर में वृक्षारोपण एवं प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर दोपहर 1:50 बजे वापस राजभवन रायपुर लौटेंगे।

# गरियाबंद-रायपुर हाईवे पर दो बाइक में भिड़ंत, युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



रायपुर-देवभोग नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 5 किलोमीटर पहले, ग्राम मालगांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बारूका निवासी सोहन ध्रुव और ऋतिक नेताम एक बाइक से बारूका से गरियाबंद की ओर आ रहे थे। दूसरी ओर, धमतरी जिले के भीगुड़िया निवासी नारायण साहू अपनी बाइक से गरियाबंद से लौट रहे थे। इसी दौरान मालगांव के पास ढलान में दोनों बाइकों की ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा डंप किया राशन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





मैनपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत तौरेंगा जंगल में जिला पुलिस बल गरियाबंद ई 30 और सीआरपीएफ कोबरा 207 वाहिनी की संयुक्त टीम ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत सर्च आपरेशन चलाया जैसे ही सुरक्षा बल इलाके में पहुंचे वहां मौजूद नक्सली उनकी आहट पकर घने जंगलों में भाग निकले वहीं सर्चिंग के दौरान जवानों ने नक्सलियों के दैनिक उपयोग की समाग्रियां और राशन बरामद की है। जिला गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है इसी दौरान इंदागांव एरिया के जंगलों में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर 02 जून को जिला बल गरियाबंद ई–30, सी.आर.पी.एफ. कोबरा 207 वाहिनी की संयुक्त टीम द्वारा इंदागांव एरिया में सर्चिंग गस्त हेतु रवाना हुआ था। जो दिनांक 02.06.2025 के प्रातः थाना मैनपुर क्षेत्रतंर्गत तौरेंगा जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति पायी गयी। जो सुरक्षाबलों को अपनी ओर आते देख कर नक्सली घने जंगल की आड़ लेकर भागने में सफल हुए। सुरक्षाबलों को एरिया सचिंग के दौरान दैनिक उपयोगी के समान एवं राशन समाग्री बरामद हुये गरियाबंद पुलिस का अपील शासन के आत्मसमर्पण निती के तहत समाज के मुख्यधारा से जुड़ने के लिए नजदिकी थाना, चौकी, कैम्प एवं दूरभाषा नम्बर 94792-27805 पर संपर्क कर आत्मसमर्पण कर सकते हैं। आत्मसमर्पण के बाद सुविधा सुख, शांति, विना डर, स्वतंत्रता के साथ जीवन। परिवार के साथ खुशहाल जीवन, स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण की सुविधा, निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, आवास का सुविधा, शासकीय नौकरी का लाभ।

## नवापारा-राजिम क्षेत्र के 40 से 50 हजार वाहनों पर लग चुकी हैं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेटें

# नंबर प्लेट के लिए फिटमेंट सेंटरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सभी प्रकार के वाहन जिसमें दोपहिया से लेकर चारपहिया, छहपहिया, आठपहिया, दसपहिया में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए आपाधापी मची हुई है। यदि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट किसी गाड़ी में नहीं लगी हो तो उन्हें पुलिस चालान का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि 1 अप्रेल 2019 के पूर्व के सभी गाड़ियों में इसे अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। 2019 के बाद वाली गाड़ियो में आलरेडी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगकर आया हुआ है। केंद्र सरकार ने वाहनों में पुराने नंबर प्लेट को हटाकर नए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का आदेश जारी किया है। दुर्घटना, चोरी अथवा अन्य सुरक्षा कारणों के मद्देनजर केंद्र सरकार के परिवहन विभाग ने पूरे देश में 2019 के पूर्व सभी वाहनों में नए तरह के हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए आदेशित किया है। नवापारा शहर के फिटमेंट सेंटर में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जा रहे हैं। शहर के गंज रोड में कृषि संजीवनी फिटमेंट केंद्र के संचालक अखिलेश शर्मा ने बताया कि रोज 100 से 150 वाहनों में नंबर प्लेट फटाफट मिनटो में बिना देरी किए बदले जा रहे है। नंबर प्लेट बदलने के लिए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र तथा अन्य शहरों एवं जिलों के लोग भी यहां पहुंच रहे है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए वाहन मालिकों को स्वयं, चॉइस सेंटर अथवा निर्धारित केंद्रों से ऑनलाइन आवेदन करनी पड़ेगी। तत्पश्चात दिए किए गए तारीख में अपने वाहन लाकर एजेंसी में नंबर बदलवाए जा सकते है। श्री शर्मा ने बताया कि एचएसएनपी लगवाने की तारीख समाप्त हो चुकी है। किंतु ▶▶| शेष पेज 10 पर



### नाम ट्रांसफर में बरतते हैं लापरवाही

तरीं में भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जा रहे है। इस संबंध में अतुल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी गाड़िंयों को लोग एक-दूसरे के हाथों बेचते हैं, नाम ट्रांसफर में लापरवाही बरतते है। कभी कोई घटना-दुर्घटना हो जाती है उस समय जिनके नाम में गाड़ी रहता है उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासतौर से चोरी की गाड़ियों में चोर कुछ भी नंबर प्लेट लगाकर चलते है जिसे पकड़ पाना पुलिस के लिए भी मुश्किल का काम होता है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने से गाड़ी के असली मालिक का नाम सामने आता है जिससे सभी तरह की परेशानियों से बचा जा सकता है। इसलिए शासन ने इसे अनिवार्य किया है।

# 26 लीटर शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




नया सवेरा अभियान के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रें में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय कर लगातार कड़ी कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 1 एवं 2 जून को मुखबीर से थाना प्रभारी देवभोग को सूचना प्राप्त हुआ की। डोमुधर ध्रुव निवासी ग्राम दासोपारा चिचिया थाना देवभोग, दशरथ सोरी निवासी ग्राम दासोपारा चिचिया थाना देवभोग जो अलग अलग जगहों क्रमशः यात्री प्रतीक्षालय बूढ़ादेव मंदिर के पास एवं ग्राम चिचिया दासोपारा जाने का कच्चा मार्ग में बरगढ़ पेड़ के नीचे दोनो आरोपियों के द्वारा अधिक मात्र में हाथ भट्टी से बना कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करने छुपा कर रखने एवं पैदल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### सरयूपारीण समाज की बैठक मेधावी बच्चों का सम्मान 8 को

**रायपुर।** तुलसी भवन में रविवार को सरयूपारीण समाज की कार्यकारिणी की बैठक हुई। समाज ने 8 जून को विप्र समाज के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही आमसभा कराने का फैसला भी लिया है। इसके अलावा बैजनाथ मिश्र को समाज के युवा समाज का संयोजक नियुक्त किया, वहीं राममूर्ति तिवारी को संरक्षक नामित किया गया, कैलाश तिवारी को भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव समिति का सदस्य नामित किया गया। संगम लाल त्रिपाठी को संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया है। समाज के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि बैठक में अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, राजेंद्र शर्मा, राजेश त्रिपाठी, शैलेश शर्मा, राममूर्ति तिवारी, प्रमोद शर्मा, विमलेंद्र तिवारी, विनोद पांडे, विष्णु दत्त मिश्र ,विजयकांत शर्मा, संजय मिश्रा, आरएल द्विवेदी, कल्याण प्रसाद पांडे, डीएस परोहा, त्रिभुवन आदि उपस्थित रहे।

### कबड्डी स्पर्धा में बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

**रायपुर।** नवउमंग स्पोर्ट्स अकेडमी एवं समस्त ग्रामवासी तर्री द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने शामिल होकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर द्वारिका साहू, घनश्याम तारक, राधेलाल पोखराज, तारक, रोशन साहू, अनिल बया, संजू साहू, बंटी प्रजापति, भारत साहू, हर्षल लौतरिया व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### हरियाणा सेवा संघ की बैठक, सतवीर बने अध्यक्ष

**रायपुर।** सामाजिक भवन में रविवार को हरियाणा सेवा संघ की बैठक हुई। जहां उपस्थित हजारों सदस्यों और चयनित टीम ने सर्वसम्मति से हरियाणा सेवा संघ के लिए अध्यक्ष सतवीर सिंह तंवर को चुना। बैठक में संरक्षक चरण शर्मा, विजय गर्ग, चौधरी कृष्ण सहरावत एवं चयनित कमेटी के सदस्य नत्थूराम शर्मा, जगत, प्रदीप गिल, दिनेश, नारायण मास्टर, मनीराम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व महामंत्री विनोद सैन व अन्य सदस्य राधेश्याम शर्मा, वेदपाल शर्मा, सोनू शर्मा, श्रवण बिश्नोई, कृष्ण नरवाल, पवन जालान, पन्नालाल दुहन, बलजीत नहरा, रणवीर सिंह, सुनील मलिक आदि मौजूद रहे।

### सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब की छग इकाई के अध्यक्ष बने पीयूष

**रायपुर।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में नवंबर 2003 से संचालित पत्रकारों की सर्वमान्य संस्था सेंट्रल प्रेस क्लब को अब अपने नए स्वरूप में परिवर्तित कर सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब पीयूबी-एलआईसी ट्रस्ट के रूप में स्थापित किया गया है, जिसे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश तथा राजस्थान को मिलाकर 4 प्रमुख हिंदी भाषी राज्यों में पत्रकारिता के लिए और पत्रकारों के लिए ही गठित किया गया है। सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के मिशन को गति प्रदान करने के लिए ट्रस्ट द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में संस्था का प्रथम अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार पीयूष मिश्रा को नियुक्त किया गया है।

### पेंशनर्स महासंघ में रायपुर संभाग अध्यक्ष बने त्रिवेदी

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ ने प्रवीण त्रिवेदी को रायपुर संभाग का अध्यक्ष बनाया है। उद्योग विभाग से सेवानिवृत्त श्री त्रिवेदी को संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने अधिसूचना जारी कर संभाग अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। इन्हें रायपुर संभाग के संबंधित जिलों में जिला अध्यक्ष से संपर्क कर पेंशनर्स महासंघ का कार्य विस्तार करने अधिकृत किया गया है। उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर संभाग में जिलों के अध्यक्ष आरजी बोहरे रायपुर, खोडस राम कश्यप बलौदाबाजार-भाटापारा, डीपी पाठक धमतरी, रिखीराम साहू महासमुंद और लखनलाल साहू गरियाबंद ने शुभकामनाएं दी हैं।

### किशोर को बनाया चैंबर का प्रमुख सलाहकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स में किशोर आहूजा को प्रमुख सलाहकार बनाया गया है। इस अवसर पर चैंबर के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, पूरनलाल अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल, अध्यक्ष सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया सहित चैंबर सदस्यों एवं व्यापारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

**आयोजन : कांग्रेस का विधान सभा स्तरीय सभा एवं रैली का प्रदर्शन हुआ**

# संविधान पर गर्व तो है लेकिन वह खतरे में : अमितेश शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के पुराने बस स्टैंड परिसर में सोमवार को राजिम विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ एक विशाल सभा का आयोजन कर नगर के प्रमुख मार्ग मे भव्य रैली निकाली गई। वहीं पर भाजपा आयोजन स्थल गरियाबंद छुरा राजिम से पहुंचे सैकड़ो के तादात मे महिला व पुरुष कार्यकर्ता व पदाधिकारी को सम्बोधित करते भाजपा सरकार पर जमकर तीखा प्रहार करते पूर्व मंत्री, अमितेश शुक्ल ने कहाँ की देश की संविधान को सालों से सहेजकर कर रखने वाले कांग्रेस पार्टी को आज व्यक्ति की अभिव्यक्ति की आजादी नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार व उनके मंत्री आज प्रजातंत्र की हत्या करने में लगी है। रैली में शामिल हुए पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला ने केंद्र की की भाजपा भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज संविधान पर गर्व तो है, लेकिन यह खतरे में है। उन्होंने कहा कि बोलने,लिखने और कहने की आजादी पर हमला हो रहा है और जो भी भाजपा के खिलाफ आवाज उठाता है,उसके पीछे ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को लगा दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है और देश को एकतरफा शासन की ओर धकेल रही। आने वाले दिनों में पार्टी के निर्देशनुसार प्रदेशव्यापी आंदोलन करने की चेतावनी दिए गया।गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर में कांग्रेस ने राजिम विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। अमितेश शुक्ला ने चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर प्रदेश स्तरीय बड़ा आंदोलन और प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी, यह संदेश उन्होंने जनसभा के माध्यम से जनता को दिया।इस रैली के माध्यम से कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।



**ये रहे उपस्थित**

विधानसभा स्तरीय एक दिवशीय सभा व रैली में प्रमुख रूप से भवानी शंकर शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी समन्वयक युगल पांडे,ओमप्रकाश बंछोर पूर्व एल्डर मेन व वरिष्ठ कांग्रेस नेता, राजेंद्र सूर्यवंसी नगर अध्यक्ष फिंगेश्वर, गौरव मिश्रा अध्यक्ष युवा कांग्रेस जिला गरियाबंद हरिशंकर श्रीवास्तव वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मंजू ध्रुव महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष, रामगुलाल साहू जिला अध्यक्ष आई टी सेल सोशल मिडिया, अनिल चंद्राकर पूर्व नगर। अध्यक्ष फिंगेश्वर, जीतेन्द्र सिंह ठाकुर जोन अध्यक्ष फिंगेश्वर, योगेश साहू अध्यक्ष यूवक कांग्रेस राजिम विधानसभा, जाकिर खान जिला महामंत्री, करीम खान पूर्व पार्षद, जगदीश साहू जोन अध्यक्ष श्यामनगर, कमलेश यदु पूर्व पार्षद, कमल भारती अध्यक्ष जमगाँव जोन, मोतीलाल साहू वरिष्ठ कांग्रेस नेता कोपरा, अतुल श्रीवास्तव, देवांनंद साहू, देवनारायण साहू सहित विधानसभा के सैकड़ों के तादात मे महिला व पुरुष कार्यकर्ता आयोजन मे उपस्थित थे।



## बिजली स्कूल में समर कैंप का समापन बच्चों को मिला प्रमाण पत्र और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में 26 मई से 1 जून तक आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का समापन उत्साहपूर्वक किया गया। समापन अवसर पर बच्चों को प्रमाण पत्र, कॉपी, पेन और कलम वितरित कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बताया कि शासन के निर्देश पर आयोजित इस समर कैंप में विद्यार्थियों को भाषण, गीत, नृत्य, चित्रकला, करसु राइटिंग, पारंपरिक व्यंजन, प्राचीन स्मारक, योग, व्यायाम, मूर्तिकला, मिट्टी के खिलौने, करियर गाइडेंस आदि विषयों पर जानकारी दी गई। विशेष आकर्षण रहा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा, जिससे विद्यार्थियों में देशप्रेम, एकता और अखंडता का संदेश फैला।



समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच पदमा मोती निषाद, सभापति नंदूराम यदु, सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गजेंद्र निषाद, और पूर्व सरपंच मोती निषाद उपस्थित रहे। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के उपलक्ष्य में "एक पेड़ माँ के नाम" थीम पर विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी सभी विद्यार्थियों को सौंपी गई है। कार्यक्रम में व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखी विभिन्न कलाएं

**राजिम।** पीएम श्री प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय समर कैंप के आयोजन में बच्चों को गीत, संगीत, नृत्य, चित्रकला,माटी कला, बांस शिल्प, डिजिटल साक्षरता, स्वच्छता, मेहंदी कला, रंगोली कला, कंप्यूटर बेसिक साक्षरता, बागवानी सहित अनेक विधाओं को सीखने का अवसर मिला। इसी श्रृंखला में छत्तीसगढ़ के निकटवर्ती उड़ीसा के उड़िया भाषा की जानकारी दी गई तथा बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। छात्रा कुसुमलता वर्मा ने उड़िया लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सभापति कुलेश्वर साहू, शाला समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल ,निधि ठाकुर, प्रेम कुमारीसाहू, गीता साहू, सुनीता साहू, वालिता साहू, रोशन पांडे, राधेश्याम साहू, ऐश्वर्या साहू, गुंजा साहू, कृष्ण साहू उपस्थित रहे। संचालन प्रधानपाठक आलोक शर्मा ने किया।



## वित्त मंत्री ओपी को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे समर्थक, किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



पूर्व आईएएस और छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को उनकी जन्मदिन की बधाई देने नवापारा एवं अभनपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में उनके कट्टर समर्थक एवं भाजपा कार्यकर्ता शहर के युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन के नेतृत्व में रायगढ़ पहुंचकर बधाई दी। श्री चौधरी के जन्मदिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया, मिठाई बांटी गई। रायगढ़ से काफी दूर नवापारा-राजिम क्षेत्र से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं अपने समर्थकों को देखकर श्री चौधरी न केवल खुश हुए बल्कि अपने समर्थक किशोर देवांगन एवं कार्यकर्ताओं के प्रति स्नेह प्रदर्शित करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया। इसके साथ ही अपने अनुज किशोर को उनके द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्यों के लिए बधाई देते हुए शुभाशीष दिया। मालूम हो कि वित्त मंत्री श्री चौधरी के साथ किशोर का उस समय से व्यक्तिगत संबंध है, जब श्री चौधरी जी आईएएस थे। रायपुर कलेक्टर रहने के दौरान श्री चौधरी नवापारा-राजिम प्रवास पर आते रहे यहां किशोर के नेतृत्व में हमेशा स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम होता रहा। यह अपनत्व अब भी बरकरार है। उल्लेखनीय है कि श्री चौधरी के दोनों विधानसभा चुनाव में किशोर अपनी टीम के साथ उनके चुनावी क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क में जुटे रहे। किशोर का कहना है कि श्री चौधरी एक बेहतर आईएएस तो थे ही, एक राजनेता के रूप में भी उन्होंने अपने उल्लेखनीय कार्यों से दर्शाया है कि जनसेवा की ईमानदार भावना अगर व्यक्ति में हो, तो उसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को जरूर मिलता है। एक वित्तमंत्री के रूप में अपने अल्पकाल में ही श्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ का कायाकल्प करने के लिए जो निर्णय लिए हैं, वे मील का पत्थर साबित हुए हैं। छत्तीसगढ़वासियों की विकसित भारत के तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को पूरा करने में श्री चौधरी की अहम भूमिका रहेगी।

## दक्षिणमुखी मंदिर समिति ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के श्री दक्षिणमुखी संकट मोचक सुंदरकांड मंदिर समिति ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेंद्र गदिया, अंजू पारख, मनोज पारख, डॉ. पुनीत गोस्वामी, डॉ. तेजेंद्र साहू मौजूद थे। इस अवसर पर समिति के प्रमुख संस्थापक व सदस्य उपस्थित थे।



## मराठा समाज के राघोबा महाडीक बने प्रदेश अध्यक्ष

**कोपरा।** छत्तीसगढ़ मराठा समाज द्वारा विगत दिनों रायपुर में आयोजित आमसभा में उपस्थित सदस्यों ने आम सहमति से राघोबा महाडीक को अध्यक्ष मनोनीत किया । आमसभा में उपस्थित जिलाध्यक्ष क्रमश लोकेश पवार रायपुर, दीपक लोंढे धमतरी,संजय ढगे दुर्ग, किशोर जाधव जगदलपुर, आलोक बाघ गरियाबंद, भगवंत शिंदे बिलासपुर, नरेंद्र वाकड़े कोरबा, राजेंद्र घाटगे महासमुंद,श्रीमती निशा कदम,भानुप्रतापपुर सहित सिमगा, राजिम, कसडोल,भिलाई से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से नए अध्यक्ष का मनोनयन किया। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अरुण घाटगे ने शांतिपूर्ण तरीके के लिए समाज की प्रशंसा कर कहा कि इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। मनोनयन पश्चात नए अध्यक्ष महाडीक़ में एक जुट होकर समाज के सभी वर्ग के लोगों को जोड़कर काम किया जायेगा। समाज में समय के साथ जो विसंगतियां आते जा रही उसे रोकने प्रयास की जरूरत है जिसे प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश महाडीक, धमतरी से गणेश पवार, अनिल सालुंके, विनोद लांडे, विनोद रणसिंह, मुकुंद पवार, बिलासपुर से नरेश गायकवाड, काशी राव, आशीष कापसे, हर्षवर्धन भोसले, कोमाखान से आशीष वाकड़े, मनीष महाडिक, रायपुर से महेंद्र जाधव, सुरेंद्र डूकरे, शरद फ़रताडे, गुणवंत घाटगे, संभाजी घाटगे, नीरज इंगले ललित महाडिक, आशीष शिंदे, सहित सैकड़ों की संख्या में सदस्य उपस्थित थे।



## कलार समाज भवन का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम जामगांव में रविवार को सिन्हा कलार समाज परिक्षेत्र द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह भवन राजिम विधायक रोहित साहू की विधायक निधि से 6.50 लाख की राशि स्वीकृत कर बनाया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढी, भाजपा नेता मिंजून साहू, जनपद सदस्य चम्पेश्वरी ध्रुव, ग्राम सरपंच रेणुका डहरे एवं उपसरपंच पार्वती दीवान मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।



समाज प्रमुखों ने बताया कि भवन निर्माण से समाज को संगठित रूप से कार्यक्रम करने की सुविधा मिलेगी तथा सामाजिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, समाज प्रमुख लीलाराम सिन्हा, शिवराम सिन्हा, पूर्व सरपंच अरुण कुमार सिंहा, खेलन सिन्हा, यशवंत साहू, भुनेश्वर सिन्हा, सोमनाथ दीवान सहित बड़ी संख्या में समाजजन व ग्रामीण उपस्थित थे। समाज ने विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त करते हुए भवन निर्माण में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

**पेज 9 के शेष...**

### लंबित राजस्व प्रकरणों ....

को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में नगर पंचायत कोपरा में निर्माणाधीन अटल परिसर का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। कलेक्टर ने परिसर निर्माण में गड़बड़ी की आशंका को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम विशाल महाराणा को जांच के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों की उपस्थिति में भूमि पूजन के बाद जिस स्थल पर निर्माण होना था, वहां न होकर कार्य अन्यत्र कराया जा रहा है। साथ ही कार्य का स्वरूप भी घटा दिया गया है और तंग जगह (केवल 8 फीट) पर निर्माण हो रहा है, जो एक निजी ज़मीन के सामने है।

राजस्व विभाग की समीक्षा में तीन साल से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर जल्द निराकरण के निर्देश दिए गए। एसडीएम, तहसीलदार और राजस्व अमले को सक्रियता से कार्य में जुटने के निर्देश दिए गए। सुशासन तिहार के तहत लगाए गए शिविरों में प्राप्त आवेदनों का भी समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मैदानी भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति का जायजा लें और हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें पात्रतानुसार लाभ पहुंचाएं।

**वृक्षारोपण अभियान की तैयारी-** 5 जून से शुरू होने वाले 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान को लेकर कलेक्टर ने वृहद स्तर पर वृक्षारोपण की तैयारी करने को कहा। उन्होंने स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी और उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी शासकीय कार्यालय परिसरों में कम से कम पांच पौधे लगाने के निर्देश दिए।

**कृषि और अन्य विभागों की समीक्षा-** कृषि विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने कृषक चौपाल, केसीसी, खाद-बीज भंडारण, वितरण और जैविक खेती की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि खरीफ सीजन में किसानों को खाद-बीज की कोई कमी न हो, इसकी पूरी व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए।

पीएम आवास योजना की समीक्षा में स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित पेंशन और अन्य विभागीय आवेदनों को तय समयसीमा में निराकृत करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय, एसडीएम, जनपद सीईओ और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### उदंती टाइगर रिजर्व...

जुटे रहे। उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि अभ्यारण्य में बसी 6वीं अवैध बस्ती को उजाड़ा गया 29 अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है ये लोग पिछले 10 सालों में हजारों पेड़ों की अवैध कटाई कर 60 हैक्टेयर वन भूमि पर कब्जा कर लिए थे उन्हें छोड़ने कई बार नोटिस दिया गया था ये लोग यहां मकान बनाकर रहते हुए वन भूमि पर मक्के और धान का फसल ले रहे थे। नोटिस अवधि खत्म होने के बाद बेदखली की कार्रवाई की गई है।

**कंटूर ट्रेंच का कराया गया निर्माण-** उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया, पिछले डेढ़ साल में 5 से ज्यादा अवैध बस्ती बेदखल कर 700 हेक्टेयर वन भूमि को खाली कराया जा चुका है खाली कराए भूमि में पौधरोपण के अलावा जल एवं भूमि संरक्षण के लिए कंटूर ट्रेंच का निर्माण कराया गया है। बेदखली के बाद से अभ्यारण्य इलाके में होने वाले वन्य जीव के शिकार में कमी आई है इसके अलावा वन्य प्राणियों के लिए अनुकूल वातावरण बनने से प्राणियों के कुनबे में बढ़ोतरी हुई है।

### गरियाबंद-रायपुर...

आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में नारायण साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ऋतिक नेताम को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। सोहन ध्रुव भी घायल हुआ है और उसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और ढलान पर संतुलन बिगड़ना हादसे की वजह मानी जा रही है।

### नंबर प्लेट के...

जनजागरूकता के अभाव, वाहनों की अधिक संख्या एवं सीमित फिटमेंट सेंटर होने के कारण हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का कार्य अभी जारी है। दी गई जानकारी के मुताबिक अबतक नवापारा-राजिम क्षेत्र के 40000 से 50000 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जा चुके हैं। इतनी ही संख्या में नए प्लेट लगाया जाना बाकी है। कई शहरों में बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहनों पर चालान की कार्रवाई की जा रही है। आगामी दिनों में पुराने नंबर प्लेट पर शासन की सख्ती संभावित है।

**क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ?-** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एक विशेष तरह का नंबर प्लेट है जो वाहनों की सुरक्षा बढ़ाने और चोरी को रोकने के लिए इस्तेमाल की जाती है। लिखे हुए नंबर प्लेट में मजबूती एवं टिकाऊपन के लिए अल्युमिनियम धातु का इस्तमाल किया गया है। एक लेजर कोड, प्रकाश को परावर्तित करने के लिए क्रोमियम होलोग्राम लगाया गया है। जिसमें छेड़छाड़ करना मुश्किल है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट में कलर कोडेड स्टीकर लगाया जाता है। जिससे वहां की पंजीयन संख्या, इंजन नंबर एवं चेचिस नंबर की पहचान हो जाती है। वाहन की चोरी एवं धोखाधड़ी के रोकने के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट मददगार है।

### 26 लीटर शराब...

परिवहन कर ले जा रहे हैं कि सूचना तस्दीक पर थाना से हमराह स्टाफ व गवाहों के साथ मुखबीर के बताये स्थानों पर पहुंचकर घेराबंदी कर अलग अलग स्थानों से दो व्यक्तियों को पकडे जिन्हें नाम पता पुछने पर अपना नाम डोमूधर ध्रुवपिता कार्तिक ध्रुव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम दासोपारा चिचिया थाना देवभोग, दसरथ सोरी पिता हरबरिया सोरी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम दासोपारा चिचिया थाना देवभोग का रहने वाला बताया। जिसकी तलाशी लेने पर दोनों आरोपीयों के कब्जे से अलग अलग प्लास्टिक जरकिन में 15 एवं 11 लीटर हाथ भट्टी से बना कच्ची महुआ शराब कुल 26 लीटर किमती 2600 रुपए का होना पाया गया। आरोपीगण से बरामद शराब को रखने व बेचने के संबंध में वैध कागजात/लायसेंस की मांग करने पर आरोपी द्वारा कोई कागजात नही होना बताया। प्रकरण में आरोपीगण का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने पर थाना देवभोग में क्रमशः अपराध क्रमांक 156/2025, 157/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यावाही में थाना देवभोग पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

## भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
- M.Tech / B.Tech / Diploma
- CSE • Civil • ET&T
- Mechanical • Electrical
- Artificial • Intelligence
- & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/science/commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA
- MBA
- DCA
- BCA
- PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A (All Subjects)
- B.Com. (Hons)
- M.Com.
- DSW
- BSW
- MSW
- B.Stat
- M.Stat
- BRS
- MRS
- MPH
- B.Sc (Hons) / M.Sc - All Subject
  - Chemistry • Maths • Physics
  - Biotechnology • Botony • Zoology
  - Microbiology • Computer Science
  - IT • Home Science • Multimedia &
  - Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Corporate Law
- Yoga Science
- Digital Marketing
- Interior Design
- Nutrition & Dietetics
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



### फोरेंसिक साइंस में रोजगार के नए अवसर

**फोरेंसिक साइंस** - आगामी वर्षों में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थियों को देश-विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रुप में कार्य करते है। सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। बीएससी फोरेंसिक साइंस प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं गणित / जीवविज्ञान उत्तीर्ण, एमएससी फोरेंसिक साइंस हेतु बीएससी उत्तीर्ण, डिप्लोमा हेतु 12वीं उत्तीर्ण एवं पीजी डिप्लोमा हेतु बीएससी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. | ASHOK L by LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS LTD | TATA CONSULTANCY SERVICES | L&T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA LTD. | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

**खबर संक्षेप**



## 4 जून से भूख हड़ताल पर बैठेंगे संजय और लोकेश्वरी

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम और लोकेश्वरी नेताम 4 जून से जिड़ार चौक, मैनपुर में भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इससे पूर्व दोनों ने एसडीएम मैनपुर को कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपनी भूख हड़ताल की सूचना दी। ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र के कई प्रमुख मुद्दों पर बार-बार शासन-प्रशासन से मांग करने के बावजूद समाधान नहीं किया गया। प्रमुख मांगों में अमलीपदर सूखा नदी पर अधूरा पुल निर्माण, जुगाड़, कोदोमाली, भूतबेड़ा, अमाड़ आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति की समस्या, सलफ जलाशय का अपूर्ण निर्माण, मैनपुर में खराब स्वास्थ्य सेवाएं और डॉक्टरों की कमी, स्कूलों व आश्रमों के जर्जर भवन, पुल-पुलियों की कमी, वनग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग शामिल हैं। इसके अलावा युक्तियुक्तकरण के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में स्कूल बंद करने का भी विरोध किया गया है। नेताम दंपत्ति का कहना है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक वे भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे। भूख हड़ताल को लेकर कांग्रेस सहित स्थानीय ग्रामीणों का भी समर्थन मिल रहा है।

## तहसील साहू समाज ने किया किशोर का सम्मान



**नवापारा-राजिम।** तहसील साहू समाज अभनपुर द्वारा साहू समाज के प्रतिभावान के सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड के पूर्व सांसद धीरज साहू मौजूद थे। अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल राम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक इन्द्रकुमार साहू, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, रिजम विधायक रोहित साहू व पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, भेखराम साहू, मनीष साहू, यशवंत साहू सदस्य जिला पंचायत रायपुर की उपस्थित में किशोर साहू को शिक्षा के क्षेत्र में प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में 2 जून को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां 45 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। शिविर में सरायपाली बीएमओ डॉ एचएल जांगड़े, डॉ वर्षा सतपथी, शीतल सिंह, टीआर घृतलहरे, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से राम गोपाल खूंटे, टेकलाल नायक आदि मौजूद रहे।

**प्रदर्शन :** मैनपुर में संविधान बचाओ रैली, कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# संविधान को कमजोर कर रही है भाजपा सरकार : विधायक






हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने संविधान बचाओ रैली निकालकर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर रैली का शुभारंभ किया, जो मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड विश्रामगृह तक पहुंची। रैली में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम समेत पूरे विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। दुर्गा मंच में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने भाजपा सरकार पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया और कहा कि देश का सामाजिक तानाबाना खतरे में है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू ने कहा कि आज जो भी लोग खुलकर सरकार की आलोचना कर पा रहे हैं, वह केवल संविधान की वजह से संभव है, लेकिन भाजपा सरकार उसी संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब सरकार की नीतियों से त्रस्त हो चुकी है।

### स्कूल बंद कर शराब दुकानों का विस्तार

*जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान की मूल भावना के लिए प्रतिबद्ध रही है, जबकि भाजपा पिछले एक दशक से उसकी नींव को कमजोर कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने प्रदेश में स्कूलों को बंद किए जाने और शराब दुकानों के विस्तार पर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। सभा में ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, युगल किशोर पांडेय, अवधराम साहू, तनवीर राजपूत, चंदा बारले, नजीब बेग, चित्रांश ध्रुव, अमृत पटेल समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गेंदु यादव ने किया और आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने किया।*

# कनसिंघी में मनाईं गई अहिल्याबाई की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

भारतीय जनता पार्टी मलेवा अंचल भाजपा मंडल द्वारा ग्राम कनसिघी में अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में यहां कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम लोक माता के छायाचित्र पर चंदन तिलक माल्यार्पण कर श्री फ़ल अर्पित किया गया। मलेवा अंचल के मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदाबाद में चौढी गांव में हुआ था। अत्यंत साधारण गड़रिया परिवार में जन्म लेने वाली बालिका में असाधारण गुण थे। यही कारण था कि महेश्वर राजघराने के महाराजा मल्हारराव होलकर ने उन्हें अपने पुत्र खांडेराव की बहू बनाया। परिवार के सभी पुरुष सदस्यों की मृत्यु हो जाने के कारण सत्ता की जिम्मेदारी कम उम्र में ही अहिल्याबाई को सौपी गई। उन्होंने आर्थिक, कूटनीतिक और धार्मिक सभी पहलुओं पर बुद्धिमत्ता और न्यायप्रियता के साथ काम किया। महिलाओं के लिए निश्चित रूप से रानी अहिल्याबाई प्रेरणा के रूप में है। जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर को सेवा, नेतृत्व और न्याय की प्रतीक बताते हुए उनके सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ कार्या की प्रशंसा की। आगे कहा कि होलकर ने दहेज विरोधी कानून लागू कराने, विधवाओं के अधिकारों और महिलाओं की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। सरपंच भोजराज नागेश ने अपनी बात कहते हुऐ कहा कि अहिल्याबाई अपने कुशल शासन, परोपकार और धार्मिक कार्य के लिए जानी जाती थी। माता जिन्होंने अपना जीवन समाज को समर्पित कर दिया। हिन्दू धर्म समाज के प्रति हमेशा लोगों में जागरूकता लाकर भारतीय समाज संस्कृति की एक प्रेरणा दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष रोहित जगत, कुशल धुव्र, सुरेन्द्र चंद मरकाम, राजेश कुंजाम सहित ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भेण्डरी में मना अहिल्या बाई की जयंती



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम उनके छायाचित्र में पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विनीता साहू, सरपंच राजेश्वरी पटेल, माणसमणी देवांगन सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## सरकार, किसानों को डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं : साहू



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान नेता धनेंद्र साहू ने कहा है कि समय पूर्व बारिश हो जाने से अब कृषि कार्य प्रारम्भ हो रहा है लेकिन डीएपी खाद सोसायटियों से पूरी तरह गायब हो गया है। डीएपी खाद प्रदेश के सभी सोसायटियों में नही मिल रहा है। श्री साहू ने कहा कि खुद कृषि मंत्री स्वीकार कर रहे है कि डीएपी खाद की छत्तीसगढ में बहुत कमी है। जब सरकार को जानकारी है कि डीएपी खाद की उर्वरक गुणवत्ता के कारण ही किसान इस खाद का अधिकत्तम उपयोग करते है तो सरकार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध क्यों नही कर पा रही है? यह सरकार के किसानो के प्रति गंभीर लापरवाही, एवं उदासीनता को भी दर्शाता है। सोसायटी में यही डीएपी खाद 1300 रुपए बोरी है, खुले बाजार में 1600 से 1700 प्रति बोरी बिक रहा है। खुले बाजार में डीएपी खाद भरपुर मात्रा में उपलब्ध है। बाजार में भरपूर मात्रा में उपलब्ध है जबकि सरकार की प्राथमिकता तय रहती है कि किसानों को कितनी मात्रा में देना है और व्यापारियों को कितनी मात्रा में उपलब्ध कराना है। लेकिन यहां उल्टा हो रहा है। सरकार व्यापारियों को ज्यादा और किसानों को कम उपलब्ध करा रही है। इससे साफ जाहिर है कि सरकार जानबूझकर अपने वास्तविक हितैषी व्यापारियों को फायदा पहुंचा रही है। श्री साहू ने कहा कि किसान उर्वरक गुणवत्ता से परिपूर्ण डीएपी खाद का उपयोग करना चाहते है। लेकिन सरकार डीएपी के बदले में दूसरा वैकल्पिक खाद के रूप में एनपीके को दे रही है। जिसे किसान ज्यादा उपयोग नही करते। अतः सरकार से आग्रह है कि डीएपी खाद को पर्याप्त मात्रा में अतिशीघ्र किसानो को उपलब्ध कराएं।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखी सेवा की भावना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

होप कोचिंग सेंटर के तत्वावधान में आयोजित एक माह का समर कैंप एवं स्पोकन इंग्लिश कार्यक्रम मई 2025 में सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस कैंप में बच्चों ने ड्रॉइंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, ओरिगामी, वारली आर्ट, पेपर आर्ट और फन कुकिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल को निखारा। कैंप का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास नहीं, बल्कि बच्चों में सामाजिक और नैतिक मूल्यों का संचार करना भी रहा। इसी क्रम में समापन अवसर पर बच्चों को भिलाई स्थित सियान सेवा सदन – वृद्धाश्रम में ले जाया गया, जहाँ उन्होंने बुजुर्गों की सेवा कर मानवीय संवेदनाओं से भी परिचित होने का अवसर पाया। बुजुर्गों की सेवा के पश्चात बच्चों ने आश्रम परिसर में फलदार पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कुछ बच्चों के माता-पिता भी उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संचालिका ज्योति सचिन ने कहा की बच्चों को केवल शैक्षणिक या रचनात्मक गतिविधियां सिखाना ही काफी नहीं है। समाज के हर वर्ग को समझना और उनसे जुड़ाव महसूस करना भी जरूरी है। यह समर कैंप बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक छोटा पर महत्वपूर्ण कदम है। हम चाहते हैं कि बच्चे संवेदनशील, रचनात्मक और सामाजिक रूप से जागरूक बनें। कार्यक्रम की सफलता में सभी पालकों और बच्चों का योगदान उल्लेखनीय रहा। होप कोचिंग सेंटर ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को जारी रखने का संकल्प दोहराया।

■ पौधारोपण कर हुआ समर कैंप का समापन

# राजिम में मना चांवल उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

श्री राजीव लोचन महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान में 2 जून सोमवार को चांवल उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि चांवल उत्सव छत्तीसगढ़ शासन का कुपोषण के विरुद्ध एक संकल्प है। मानसून के इस समय में नरेन्द्र मोदी की सरकार के इच्छा के अनुसार 3 महीनों का राशन दिया जा रहा है, यह निर्णय शासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है। कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव ,पार्षद तुषार कदम के हाथों हितग्राहियों को चांवल वितरण किया गया। खाद्य निरीक्षक सोनाली ठाकुर, स्वसहायता समूह कि पुष्पा ठाकुर, ममता राजपूत, वर्षा ठाकुर एवं निगरानी समिति की सदस्य किरण तिवारी मौजूद थे।

# समर कैंप में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बासीन में सावित्री बाई फुले ग्रामीण कमेटी द्वारा समर कैंप के आयोजन में 50 से अधिक प्रतिभागी जिसमें विभिन्न खेल कुर्सी दौड़, मटका फोड़, 100 मी. दौड़, साइकिल रेस, चित्रकला, फुगड़ी, चम्मच दौड़, रंगोली शतरंज, गीत में भाग लिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रीतम साहू थे। बच्चों को सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष व सफलता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में धीरपाल साहू, निधि यदु , दीक्षा तारक, अहिल्या सोनकर, तनुजा, कैलाश, ईशा, मनीष, मुकेश, ज्ञानेश्वर मौजूद थे।



## बकली स्कूल में समर कैंप शिक्षकों ने दी जानकारी

**फिंगेश्वर।** विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत बकली के स्कूल में हुआ समर कैंप का समापन। ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं को समृद्ध और आकर्षक अनुभव प्रदान करने कौशल विकास शारीरिक गतिविधियां रचनात्मक अभिव्यक्ति शैक्षणिक संवर्धन आत्मविश्वास और स्व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से शासकीय हाई स्कूल बकली में समर कैंप का आयोजन 8.00 बजे 11.30 बजे तक किया गया। संस्था के प्राचार्य मनहरण लाल यादव ने बताया कि समर कैंप बच्चों के लिए कई मायने में महत्वपूर्ण है जिसमें उन्हें सीखने समझने जनाने की कला विकसित का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने आगे बताया कि समर कैंप बच्चों के समग्र विकास के लिए किया गया एक रचनात्मक कार्यक्रम है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य मनहरण लाल यद्धु, कल्पना टंडन, गौरव बंजारे, डेविड, मेरी डिम्पल पूरेना, गंगा साहू, हिना साहू, सिमरन तारक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



**उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र व मेमोंटो भेंट की**

# जिले के चार शिक्षक नवाचारी राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नवाचारी गतिविधियां समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है, इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन 29 मई को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर सह एससीईआरटी में आयोजित हुआ जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से 155 शिक्षक/शिक्षिकाओं का सम्मान हुआ।

इस कार्यक्रम मे अतिथि के रूप में जेपी रथ अपर संचालक एससीईआरटी, डॉ. बी. रघु सहायक संचालक एससीईआरटी, बीएल देवांगन डाईट प्राचार्य, डॉ. एस के जैन डाईट रायपुर, केके साहू डाईट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थिति रहे। इस भव्य कार्यक्रम में गरियाबंद जिला के विकास खंड मैनपुर से आलोक कुमार शर्मा, विकास खंड देवभोग से बलराम साहू, विकास खंड फिंगेश्वर से मीनाक्षी शर्मा और समीक्षा गायकवाड़,विकास खंड छुरा से टिकेश्वर महिलांगे को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मेमोंटो, भेंट कर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया।

**गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे-** इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित गरियाबंद जिला टीम से लोकेश्वर सोनवानी का सतत सहयोग प्राप्त हुआ। इस समूह से जुड़े सभी टीम मेंबर शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक हैं जो सरकारी विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए आपस में जुड़कर अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं ये 2017 से लगातार प्रयासरत है एवं पिछले 4 वर्षों से लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम की पूरी योजना, क्रियान्वयन, संचालन एवं समस्त व्यय इन शिक्षकों द्वारा ही किया जाता रहा है।

### कई चरणों में हुआ अवार्ड के लिए चयन



समूह प्रमुख एवं जिला टीम ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन 2024 में होना था पर स्थानीय चुनाव के चलते इसे आगे बढ़ाया गया था। इसमें कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ है। सर्वप्रथम इसके लिए वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया। पूरे देश से 700+ से भी ज्यादा नॉमिनेशन प्राप्त हुए जिसकों स्कूटनी एवं शॉर्टलिस्ट कर चयन समिति द्वारा संबंधित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया एवं सबंधित से उनके कार्यों के प्रमाण में दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों का उच्च चयन समिति एवं जिला टीम के प्रमाणीकरण के पश्चात चयन सूची जारी किया है। जिसमें ग्राउंड लेवल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हैं। जिनको राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया गया।

